हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

फिर जला अहंकार

कटला रामलीला कमेटी, नरसिंह प्रह्लाद दशहरा सभा व केदार रामलीला समिति के कार्यक्रमों में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे भव्य आतिशबाजी और रंग-बिरंगी रोशनी के बीच रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक पावन पर्व विजयादशमी मंगलवार को हिसार जिलेभर में पूरे हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस मौके पर शहर के अलग-अलग हिस्सों में रावण, कुंभकरण और मेघनाद के विशालकाय पुतले जलाए गए। पुतला दहन का यह नजारा रंग-बिरंगी रोशनी और आकाशीय भव्य आतिशबाजी के बीच देखने लायक था, जिसे देखने के लिए शहरभर से भारी संख्या में जनसमूह उमड़ा। श्री नृसिंह प्रहलाद रामलीला (दशहरा) सभा, मुल्तानी चौक के तत्वावधान में नई सब्जी मंडी में भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यहां सभा की तरफ से 45 फीट के रावण, 40 फीट के कुंभकर्ण और 38 फीट के मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने आह्वान किया कि आज के दिन हम सभी को केवल पुतले दहन करने तक सीमित न रहकर समाज में फैली विभिन्न सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों को भी जड़ से समाप्त करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने श्री नृसिंह दशहरा सभा को 5 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। समारोह में नगर निगम हिसार के मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, अशोक मित्तल, अजयकांत जांगड़ा, अभिषेक शर्मा सहित सभा के तमाम पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।





नई सब्जी मंडी में नरसिंह रामलीला सभा के कार्यक्रम में जलता रावण का पुतला।



हिसार। पुराना राजकीय कॉलेज मैदान में रावण के पुतले के दहन के बाद भगवान श्रीराम की आरती करती विधायक सावित्री जिंदल, बजरंग गर्ग व अन्य।

पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में लंकेश के 55 फुट ऊंचे पुतले का किया दहन

कटला रामलीला कमेटी की ओर से पुराना राजकीय कॉलेज मैदान में आयोजित दशहरा महोत्सव में बुराई के प्रतीकों का संहार किया गया। इस मैदान में 55 फीट ऊंचे रावण, 50 फीट ऊंचे कुंभकरण और 45 फीट ऊंचे मेघनाद के विशाल पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान आतिशबाजी ने आसमान को रोशन कर दिया और पूरा प्रांगण 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं विधायक सावित्री जिंदल मुख्य अतिथि थीं, जबकि समारोह की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग ने की। रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के विशाल पुतलों का दहन करके अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य व अन्याय पर न्याय की जीत का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, समाजसेवी विजय कौशिक, एसपी सिद्धांत जैन, श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता आदि थे।

विद्युत नगर में जला 52 फुट का रावण

श्री केदार रामलीला समिति की तरफ से विद्युत नगर में भव्य दशहरा पर्व मनाया गया। यहां 52 फीट ऊंचे रावण, 50 फीट ऊंचे कुंभकरण एवं 48 फीट ऊंचे मेघनाद के विशाल पुतले दहन किए गए। समिति की ओर से आयोजन स्थल पर रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट की गई थी, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। शानदार आतिशबाजी के बीच जब पुतले धू-धू कर जले, तो पूरा माहौल उत्साह से भर गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सावित्री जिंदल शिरकत की। विधायक जिंदल ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। दशहरा पर्व हमें सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर समाजसेवी राकेश बंसल, इंजि.एसएस कैन्तुरा, राकेश शर्मा, पूर्व मेयर शकुन्तला राजलीवाला, भाजपा नेता राहुल सैनी, समिति के प्रधान प्रेम सिंह रावत, प्रेम सिंह रावत, उपेंद्र शर्मा, पीतांबर दत्त पांडेय, गजेंद्र गुस्साई, जगतराम जौकर, अनिल भट्ट, हरीश भट्ट, अनुसूया प्रसाद, हीरो सिंह रावत, संजय भट्ट, सुनील चौहान, विनोद रावत आदि मौजूद थे।

हांसी में दो जगह रावण दहन, नई ऑटो मार्केट में बेकाबू भीड़ ने तोड़ी ग्रिल



हांसी। शहर में दशहरे के अवसर पर मंगलवार शाम दो जगह रावण के पुतलों का दहन किया गया। पंचायती रामलीला ग्राउंड में शाम 42 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। यहां हांसी के विधायक विनोद भयाना ने रावण का पुतला जलाया। आतिशबाजी देखने के लिए शहर के अलावा आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इसके बाद नई ऑटो मार्केट में 52 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। हालांकि, पहली बार आग लगाने पर पुतला पूरी तरह नहीं जला। इसके बाद पराली डालकर दोबारा आग लगाई गई। इस अवसर पर प्रधान सतपाल खांडे वाला, संरक्षक सुरेश बंसल, विजय चावला, साधू राम सिंगला, रामनिवास शर्मा, जनार्दन गुप्ता, सतीश मित्तल सहित सभी रामलीला ग्राउंड के सभी पदाधिकारियों को दशहरा पर्व की बधाई दी। नई ऑटो मार्केट में रावण दहन के दौरान अव्यवस्थाएं भी देखने को मिलीं। पुतले में आग लगने के बाद भीड़ बेकाबू हो गई और लोगों ने ग्रिल तोड़ दी। इसके बाद कुछ लोग जलते हुए रावण के पुतले की तरफ दौड़ पड़े। इस दौरान भगदड़ जैसी स्थिति बनने की आशंका पैदा हो गई। गनीमत रही कि इस घटनाक्रम में कोई हादसा नहीं हुआ और किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली। उधर, वहीं युवा मित्र मंडल द्वारा हिसार चुंगी के समीप स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के समीप 35 फुट ऊंचे रावण के पुतले दहन किया गया। जहां नगर परिषद चेयरमैन प्रवीण इलावादी ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से हिसार की विभिन्न बस्तियों एवं शाखाओं में विजयादशमी उत्सव, शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। केशव बस्ती (पीएलए), सेक्टर-15, हाउसिंग बोर्ड एवं डिफेंस कॉलोनी, अर्बन एस्टेट शाखा, भारत माता शाखा तथा पटेल बस्ती में आयोजित इन कार्यक्रमों में कुल 106 लोगों ने सहभागिता की, जिनमें 31 स्वयंसेवक गणवेश में उपस्थित रहे।

विभिन्न स्थानों पर स्वयंसेवकों द्वारा भव्य पथ संचलन निकाला गया। अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए स्वयंसेवकों ने संगठन और एकजुटता का परिचय दिया। पथ संचलन के दौरान स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। इस दौरान वातावरण उत्साहपूर्ण रहा और लोगों ने भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

शस्त्र पूजन कर निकाला भव्य पथ संचलन, जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा





हिसार। विजयी दशमी पर शस्त्र पूजन करते व भव्य पथ संचलन निकालते स्वयंसेवक।

विजयादशमी के राष्ट्रीय ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला

कार्यक्रमों में वक्ताओं ने विजयादशमी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य, अन्याय पर न्याय और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। शस्त्र पूजन भारतीय परंपरा में शक्ति, साहस और आत्मरक्षा के संकल्प का परिचायक है। शक्ति का उपयोग सदैव समाज की सुरक्षा, राष्ट्रहित और धर्म की रक्षा के लिए होना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य समाज में अनुशासन, संगठन, सामाजिक समरसता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करना है। पथ संचलन स्वयंसेवकों के अनुशासन, एकजुटता और संगठनात्मक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। विजयादशमी का पर्व स्वयंसेवकों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने तथा समाज के विभिन्न वर्गों को साथ लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आह्वान किया कि भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को जीवन में अपनाते हुए समाज में एकता, सद्भाव और राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ किया जाए। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में नगर प्रौढ़ कार्य प्रमुख अमरजीत, डॉ. नवीन, वेदपाल तथा पटेल बस्ती के शाखा कार्यवाह श्याम ने अपने विचार रखे।

पति-पत्नी का विवाद सुलझाने के लिए बुलाई पंचायत में बवाल, मारपीट में महिला घायल

गंडासे और लोहे की पाइप से हमला करने का आरोप, मौके से चाकू बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पत्नी को मायके से वापस लाने और पारिवारिक विवाद सुलझाने के लिए बुलाई गई पंचायत में मंगलवार को दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। शहर की इंदिरा कॉलोनी निवासी रौनक ने पत्नी के मायके पक्ष के लोगों पर गंडासे और लोहे की पाइप से हमला करने, उसकी मां के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। घटना में उसकी मां घायल हो गई। सूचना मिलने पर अनाज मंडी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को घटनास्थल से एक चाकू भी मिला है, जिसकी जांच की जा रही है।

पुलिस को दी शिकायत में रौनक ने बताया कि उसकी वर्ष 2025 में इंद्रा कॉलोनी निवासी करीना के साथ हुई थी। जून 2026 के आसपास दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया, जिसके बाद उसकी पत्नी मायके चली गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि पत्नी को वापस लाने के कई प्रयास किए गए, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद पारिवारिक विवाद का समाधान निकालने के लिए पंचायत बुलाने का फैसला लिया गया।

जान का खतरा बता मांगी सुरक्षा

रौनक के मुताबिक, 19 अक्टूबर को एचएसवीपी सेक्टर-5 में पंचायत आयोजित की गई थी। इसमें दोनों पक्षों के परिजन और अन्य लोग मौजूद थे। बातचीत के दौरान कहासुनी बढ़ गई और गाली-गलौज के बाद मारपीट तक पहुंच गई। आरोप है कि दूसरे पक्ष के कुछ लोगों ने गंडासे और लोहे की पाइप से एक दूसरे पर हमला किया। इस दौरान उसकी मां मारपीट में घायल हो गई। घटना के बाद डायल 112 पर सूचना दी गई और घायल महिला को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। शिकायतकर्ता ने आरोपियों से परिवार को जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की है।



हांसी। घरेलू विवाद को सुलझाने के लिए बुलाई गई पंचायत के बाद सेक्टर 6 में पहुंची पुलिस व एकत्रित भीड़ व घटनास्थल पर पड़ा चाकू बरामद करती पुलिस।

चाकू किसने फेंका, पुलिस कर रही जांच

अनाज मंडी चौकी इंचार्ज पीएसआई अनिल कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। मामले की जांच के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि मौके से एक चाकू बरामद हुआ है। चाकू किसने फेंका और उसका घटना से कोई संबंध है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

विधायक भयाना बोले- एक बेटी का विवाह करना ही बड़ी जिम्मेदारी

हांसी अनाज मंडी प्रधान हरिकेश सिंगला ने अपने खर्च पर करवाए 9 जरूरतमंद कन्याओं के विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

विजयादशमी और दुर्गा नवमी के पावन अवसर पर हांसी की अनाज मंडी में अनाज मंडी एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान हरिकेश सिंगला ने अपने पूर्वजों की स्मृति में अपने निजी खर्च पर नौ जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाया। समारोह में विधायक विनोद भयाना मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए और नवदंपतियों को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। विधायक विनोद भयाना ने हरिकेश सिंगला की पहल की सराहना करते हुए कहा कि मंडी के व्यापारियों ने उन्हें सर्वसम्मति से प्रधान चुना है। प्रधान बनने के बाद उन्होंने किसी से सामाजिक चंदा लिए बिना अपने स्तर पर नौ जरूरतमंद कन्याओं के विवाह की व्यवस्था की। एक बेटी का विवाह करना परिवार के लिए बड़ी जिम्मेदारी होती है। ऐसे में नौ परिवारों की जिम्मेदारी उठाना समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस तरह की पहल से दूसरे लोग भी जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए आगे आएंगे।



बेटियों के सम्मान का दिलाया संकल्प

समारोह में विवाह की रस्मों के साथ सामाजिक जागरूकता पर भी जोर दिया गया। सभी नवदंपतियों को ईश्वर को साक्षी मानकर कन्या भ्रूण हत्या न करने और बेटे-बेटी में भेदभाव नहीं करने की शपथ दिलाई गई। उन्हें बेटियों को समान अधिकार, सम्मान और अवसर देने का संदेश दिया गया। आयोजन के माध्यम से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया गया। हरिकेश सिंगला ने आयोजन का श्रेय ईश्वर की कृपा, मां दुर्गा के आशीर्वाद और मंडी के साथियों व बड़े भाइयों के सहयोग को दिया। उनके सुपुत्र भरपूर सिंगला ने कहा कि नौ कन्याओं को दूसरों की बेटियां नहीं, बल्कि अपने परिवार की बेटियां मानकर उनके विवाह की जिम्मेदारी निभाई गई है।

वैदिक रीति-रिवाजों से संपन्न हुईं विवाह रस्में

सामूहिक विवाह के लिए अनाज मंडी को आकर्षक ढंग से सजाया गया। धार्मिक वातावरण और सनातन वैदिक परंपराओं के बीच विवाह की रस्में संपन्न हुईं। नवदंपतियों ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर नए जीवन की शुरुआत की। उपस्थित लोगों ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखी एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर आर्य स्कूल एवं डीएवी स्कूल के चेयरमैन वेद नारंग, कमल किशोर शास्त्री, कार्यक्रम संयोजक विजेंद्र जांगड़ा, जयवीर जांगड़ा, बलजीत सहित अनाज मंडी एसोसिएशन के वरिष्ठ व्यापारी, पदाधिकारी और अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

गोवध अधिनियम के केस में 12 साल से फरार तीन पीओ अलीगढ़ से गिरफ्तार

पहचान छिपा भाई व दूसरों के नाम पर कोर्ट से हासिल की थी जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

थाना अग्रोहा टीम ने गहन तफ्तीश में एक ऐसे शातिर फर्जीवाड़े का पर्दाफाश किया है, जो पिछले 12 वर्षों से कानून की आंखों में धूल झोंक रहा था। पुलिस ने वर्ष 2011 के गोवध निषेध अधिनियम से जुड़े मामले में अपनी असली पहचान छिपाकर कोर्ट से जमानत लेने वाले और तब से लगातार फरार चल रहे 3 उद्घोषित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से दबोचा गया है।

पुलिस के मुताबिक, वर्ष 2011 में थाना अग्रोहा में गोवध निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में सुनवाई के दौरान आरोपियों के लगातार अदालत में गैरहाजिर रहने पर अदालत ने 30 मई 2014 को इन्हें उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। अदालत के कड़े आदेशों के बाद थाना अग्रोहा में बीएनएस की धारा 209 के तहत नया मुकदमा दर्ज किया गया, जिसकी जिम्मेदारी एएसआई सुभाष चंद्र को सौंपी गई।



तफ्तीश में खुला धोखाधड़ी का जाल

तफ्तीश के दौरान पता चला कि आरोपी गुलशन उर्फ गुनाश ने वर्ष 2011 में गिरफ्तारी के वक्त अपना नाम अपने बड़े भाई 'मटरू' के रूप में दर्ज कराया था। वहीं, दूसरे आरोपी ओमप्रकाश ने अपनी असली पहचान छिपाते हुए खुद को 'संतोष' बताया था। दोनों आरोपियों ने इसी फर्जी पहचान और पत्रों के सहारे अदालत से जमानत हासिल कर ली थी और उसके बाद फरार हो गए थे। सह-आरोपी रमेश और रामभरोसे को इस पूरे फर्जीवाड़े और सच्चाई की पूरी जानकारी थी, इसके बावजूद उन्होंने यह बात पुलिस और अदालत से छिपाई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के गांव समैना ततारपुर के ओमप्रकाश उर्फ संतोष, रमेश व रामभरोसे को गिरफ्तार किया। तीनों को अदालत में पेश किया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



जॉली एलएलबी 4 में अरशद निभाएंगे लीड किरदार

नई दिल्ली। जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी बॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। इसके पहले पार्ट में अरशद वारसी ने अपनी परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया था, वहीं दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार ने शानदार परफॉर्मेंस दी थी। सबसे खास था तीसरा पार्ट, क्योंकि इसमें दोनों एक्टर्स एक साथ थे। वहीं,अब इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म भी आ रही है। लेकिन हो सकता है कि अक्षय कुमार जॉली एलएलबी 4 का हिस्सा ना बनें। एक रिपोर्ट के अनुसार, अरशद वारसी इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म में 'जॉली' के किरदार में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक 'प्रीक्वल' होगी।

लाइफ Style

साई

प्री-रिलीज इवेंट में गाया सुरीला भजन

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और साई पल्लवी जल्द ही फिल्म 'रामायण' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। 'रामायण' को बड़े लेवल पर बनाया गया है और अब एक्टर्स इसके प्रमोशन में जुटे हुए हैं।

अब हाल ही में हुए एक इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। सोमवार को हैदराबाद में फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में साई पल्लवी गुलाबी साड़ी पहनकर इवेंट में पहुंची थीं। कार्यक्रम के दौरान होस्ट सुमा ने उनसे गाना गाने के लिए कहा। इस दौरान उनके साथ रणबीर कपूर और यश भी नजर आए। शुरुआत में साई थोड़ी झिझकती नजर आईं, लेकिन फिर उन्होंने पूछा कि क्या वह कोई भजन गा सकती हैं। इसके बाद एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए भजन गाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी पूरे सहज अंदाज में भजन गाती नजर आईं। उनके इस खास पल के वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल होने लगे। फैंस ने भी उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ की। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायणः राइज ऑफ ए लेजेंड' में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, साई पल्लवी माता सीता और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण माल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज ने डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के साथ मिलकर किया है।



हॉलीवुड मसाला



जुमांजी-5 का आया नया पोस्टर

नई दिल्ली। हॉलीवुड सिनेमा जगत के लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात की जाए तो उसमें ड्वेन जॉनसन स्टारर जुमांजी का नाम जरूर शामिल होगा। लंबे समय से जुमांजी पार्ट-5 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब जुमांजी 5 का एक और नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसे ड्वेन जॉनसन से सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म के मुख्य किरदार गेम की दुनिया और असली दुनिया के बीच फंसे हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा- दो दुनिया टकरा रही हैं। एक आखिरी गेम।



सहारा रे खुद का स्विमवियर लेबल किया था लॉन्च

लॉस एंजिल्स। मशहूर सिंगर जस्टिन बीबर की एक्स गर्लफ्रेंड सहारा रे का 34 साल की उम्र में निधन हो गया। कुछ महीनों पहले ही वह बेटी की मां बनी थीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर भी आखिरी पोस्ट अपने मातृत्व पर ही की थी। रे ने मॉडलिंग और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी के तौर पर अपना कॅरियर बनाया और अपना खुद का स्विमवियर लेबल, सहारा रे स्विम लॉन्च किया। 2016 में हवाई यात्रा के दौरान जस्टिन बीबर के साथ उनकी तस्वीरें सामने आने के बाद वे सुर्खियों में आईं। उनका नाम ऑस्ट्रेलियाई गायक कोडी सिम्पसन से भी जोड़ा गया था। सहारा के पिता ऑस्ट्रेलियाई सर्फिंग के दिग्गज टोनी रे थे । उन्होंने अपना अधिकांश बचपन ऑस्ट्रेलिया, कैलिफोर्निया के बीच यात्रा करते हुए बिताया।



करण ने किया 'आफ्टर डार्क' का ऐलान

नई दिल्ली। 19 अक्टूबर को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' फ्रेंचाइजी के 14 साल पूरे होने के मौके पर, करण जौहर ने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। फिल्म मेकर ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' नाम की एक नई वेब सीरीज की घोषणा की है, जिसमें शनाया कपूर नजर आएंगी। यह सीरीज मूल फिल्मों के कैंपस ग्लैमर को छोड़कर, रहस्य, हिंसा और डर से भरी एक डार्क दुनिया की कहानी पेश करेगी। यह वेब सीरीज 13 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। पहले लुक में शनाया कपूर खून से सनी हालत में नजर आ रही हैं, जो इस बात का इशारा है कि यह कहानी उस फ्रेंचाइजी से बिल्कुल अलग होगी जिसे दर्शक अब तक जानते आए हैं। सोशल मीडिया पर इस घोषणा को शेयर करते हुए, करण ने फ्रेंचाइजी के सफर को याद किया और इसके नए रूप की झलक दी।



नेपाल में रिलीज नहीं होगी उड़ता तीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खराना और एक्ट्रेस सारा अली खान का नाम इन दिनों आने वाली फिल्म उड़ता तीर को लेकर चर्चा में बना हुआ है। स्पाई कॉमेडी जॉनर की इस मूवी की रिलीज में अधिक समय नहीं बचा है और इससे पहले नेपाल ने उड़ता तीर की रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया है। हिंदी फिल्म उड़ता तीर की स्क्रीनिंग केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड ने नेपाल में की गई और इस दौरान ये पाया गया है कि फिल्म में राष्ट्रीय सिनेमा अधिनियम की धारा 8(3) का उल्लघंन किया पाया गया है। इसकी वजह से इस फिल्म की रिलीज को मंजूरी नहीं दी जाएगी। इस मूवी का कंटेंट राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या मित्र देशों के साथ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की उड़ता तीर को 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला

टीवी पर 'अप्सरा' बनकर कमबैक कर रहीं अविका

नई दिल्ली। अविका गोर, स्टार प्लस के आने वाले सुपरनैचुरल शो 'अप्सरा' में 'अप्सराओं की रानी' के रूप में टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। शो के शानदार प्रीमियर एपिसोड में वह अपनी दमदार मौजूदगी, ग्रेस और गहरी भावनाओं के साथ नजर आएंगी। समुद्र मंथन से प्रेरित, मुक्ता ढोंड के इस प्रोडक्शन में समीक्षा जायसवाल 'सुनहरी' का किरदार निभा रही हैं। कहानी में सुनहरी बुरी ताकतों से लड़कर अमृत की रक्षा करती है और साथ ही अपने लोगों को भी सुरक्षित रखती है। इस शो में पारस कलनावत, अनुष्का मर्चंडे और अदा खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। शो से जुड़ने के बारे में बात करते हुए, अविका कहती हैं, 'मेरे लिए किरदार और कहानी मायने रखती है, मीडियम कोई भी हो। जब मुझे यह किरदार मिला, तो इसमें मौजूद कई लेयर्स देखकर मैं प्रभावित हो गई। यह पावरफुल और प्रभावशाली है लेकिन साथ ही उसमें कुछ कमजोरियां भी हैं। इस किरदार को निभाने से मुझे रोमांस और एक्शन से लेकर भावनात्मक पलों और डांस तक, सब कुछ एक्सप्लोर करने का मौका मिला। इस फैंटेसी दुनिया को जीवंत बनाने के लिए भव्य कॉस्ट्यूम, गहने और खास स्टाइलिंग की जरूरत थी। अविका इस ट्रांसफॉर्मेशन को अपने आप में एक अनोखा अनुभव बताती हैं, जहां हर छोटी डिटेल ने उन्हें अपने किरदार में ढलने में मदद की। वह इस शानदार और अलग दुनिया को रचने का क्रेडिट प्रोड्यूसर मुक्ता ढोंड और विक्रम घई को देती हैं। साथ ही, वह बताती हैं कि मनीष और अदा खान के साथ काम करने से यह अनुभव और भी मजेदार हो गया।



बिग बॉस से खत्म हुआ अमन का सफर

नई दिल्ली। टीवी के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के हालिया वीकेंड का वार में काफी ड्रामा देखने को मिला। एक तरफ सलमान खान ने कई कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाई, तो वहीं अमन गांधी का शो से सफर खत्म हो गया। अमन गांधी के एविक्शन पर आरिश्फा खूब रोते हुए नजर आईं। इनके अलावा होस्ट सलमान खान ने यह अपडेट भी दिया कि अगला वीकेंड का वार में वह नजर नहीं आएंगे। शो को कौन होस्ट करेगा इसकी जानकारी भी भाईजान ने सभी को दी। 'बिग बॉस 20' से बीते दिन अमन गांधी का सफर खत्म हो गया है। सलमान खान ने बताया था कि इस हफ्ते जो तीन कंटेस्टेंट्स बॉटम जोन में हैं, उनमें अमन गांधी, उदिति सिंह और मेरी कॉम शामिल हैं। उदिति के पास दो लाइफलाइन थीं, जबकि अमन और मेरी के पास एक-एक ही लाइफ लाइन बची थी। ऐसे में अमन गांधी कम वोट मिलने की वजह से बाहर हो गए।



रामायण के बाद आएंगी जटायू, अंगद हनुमान और इंद्रजीत पर फिल्में

नई दिल्ली। रामायण मूवी से जुड़े एक इवेंट में मेकर्स ने अपना विजन रिवील करते हुए सबके होश उड़ा दिए हैं। रामायण पार्ट-1 और पार्ट-2 के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में सनी देओल सरप्राइज फैक्टर बने हुए हैं। फिल्म से रणबीर कपूर (राम), सई पल्लवी (सीता), यश (रावण) और अन्य किरदारों के लुक भी रिलीज किए जा चुके हैं, लेकिन सनी देओल का लुक सीक्रेट रखा गया है। फिल्म में सनी देओल हनुमान जी का रोल प्ले करते नजर आएंगे और अब खबर है कि सनी देओल को लेकर नमित मल्होत्रा एक अलग फिल्म भी प्लान कर रहे हैं। नमित मल्होत्रा का विजन काफी बड़ा है, वह सिर्फ 'रामायण' तक नहीं रुकने वाले हैं। इसके बाद वह उन किरदारों को लेकर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं, जिनकी कहानी अभी तक लोगों के लिए अनसुनी रही है।



इन किरदारों पर आएंगी अलग फिल्में? : रामायण पार्ट-2 के बाद मेकर्स अंगद, हनुमान, जटायू, इंद्रजीत और शूर्पनखा पर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं। हर किरदार की कहानी लोगों ने 'रामायण' मूवी में तो सुनी है, लेकिन उनकी अपनी कहानी क्या है? नई पीढ़ी इससे काफी हद तक अछूती रह जा रही है। इसके अलावा क्योंकि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को ग्लोबल लेवल पर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए यह भारत के टूरिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और अन्य पहलुओं पर भी काफी बड़ा गेम साबित हो सकती है। एक यूजर ने इवेंट की झलकियां लीक करते हुए लिखा- भाई साहब, नमित बहुत बड़ा गेम खेलने की सोच रहा है।

यहीं नहीं रुकने वाली है रामायण की कहानी

हैदराबाद में आयोजित एक इवेंट में 'रामायण' मूवी से सनी देओल का हनुमान जी वाला लुक रिवील किया गया। इसके अलावा मेकर्स ने इसी इवेंट में एक और शॉकिंग ऐलान करते हुए बताया कि 'रामायण : पार्ट-2' के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। मेकर्स ने कई स्पिन ऑफ मूवी प्लान की हैं। तकरीबन 4 हजार करोड़ रुपये की लागत में बन रही फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने रामायण-2 के बाद उनकी अपकमिंग अन्य फिल्मों के पोस्टर्स रिलीज किए और बताया कि असल में यह हमारे सफर की बस शुरुआत भर है।

अक्का का टीजर जारी, आमने सामने होंगी कीर्ति और राधिका

मुंबई। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे जल्द ही आने वाली सीरीज 'अक्का' में एक साथ नजर आएंगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। अब नेटफ्लिक्स ने कीर्ति के जन्मदिन के मौके पर सीरीज का टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही मेकर्स ने सीरीज की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। टीजर में कीर्ति सुरेश 'भवानी' और राधिका आप्टे 'रुद्रा' के किरदार में नजर आ रही हैं। टीजर में ऐसी जगह की कहानी दिखाई गई है, जहां 800 साल से औरतों का राज चलता है। इसके बाद कीर्ति की एंट्री होती है, जो कहती हैं कि हमारे यहां औरतें सिर्फ घर नहीं, कारोबार भी चलाती हैं। वहीं, जो भी उनके खिलाफ जाता है उसे सख्त सजा भी मिलती है। लास्ट में राधिका का एक छोटा सा सीन दिखाई देता है, जो कहता है कि बहनों का राज खत्म करने का समय आ गया है। ऐसे में यह साफ है कि सीरीज में राधिका और कीर्ति आमने-सामने नजर आएंगी। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इस सीरीज की कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं।कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के अलावा इस सीरीज में तन्वी आजमी भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा, योगेंद्र मोगरे और अक्षय विधानी इसके कार्यकारी निर्माता हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। एक बयान के अनुसार, कीर्ति ने कहा, 'हर साल दर्शकों से मिलने वाला प्यार इस दिन को मेरे लिए बेहद खास बनाता है। 'अक्का' के टीजर को रिलीज करके अपना जन्मदिन मनाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है।



एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग तक

सिनेमा में छाई अरबपतियों पर बनीं ये बिलिनेयर बायोपिक फिल्में

नई दिल्ली। दुनियाभर के बड़े-बड़े अरबपतियों की निजी जिंदगी की कहानी किसी फिल्म स्टोरी से कम नहीं होती है। संघर्ष से लेकर सफलता के मुकाम तक पहुंचने का सफर सिनेमा के आईने से काफी खूबसूरत नजर आता है। आज इस लेख में हम आपको एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग जैसे विश्व के उन बिलिनेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके जीवन पर बायोपिक फिल्में बन चुकी हैं या फिर भविष्य में रिलीज होने वाली हैं।

द सोशल रेकनिंग

सोशल मीडिया कंपनी मेटा के सह-संस्थापक, चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर मार्क जुगरबर्ग को जाना जाता है। इनका नाम दुनिया के 10 सबसे अमीर टेक बिजनेसमैन में से एक है। इतना ही नहीं फेसबुक के संस्थापक के तौर पर भी जुगरबर्ग की पहचान है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द सोशल रेकनिंग में जुगरबर्ग की कहानी को दर्शाया गया है, जिसका डायरेक्शन आरोन सोर्किन ने किया है। इस मूवी में हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने मार्क जुगरबर्ग की भूमिका निभाई है।

द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड

फ्रेंच-बेल्जियन कॉमेडी-ड्रामा फिल्म द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड में फ्रांस की मशहूर कॉस्मेटिक्स कंपनी L'Oral (लोरियल) की उत्तराधिकारी लिलियन बेटेनकोर्ट की कहानी को दर्शाया गया है। साथ ही कानूनी विवाद के जीवन संघर्ष को भी इसमें शामिल किया गया है। ये फिल्म साल 2025 में रिलीज हुई थी और ये अमेजन प्राइम वीडियो पर भी मौजूद है।



आर्टिफिशियल

दुनिया के मशहूर बिजनेसमैन और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के जीवन पर आधारित फिल्म आर्टिफिशियल का नाम लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मूवी में स्पाइडर-मैन फेम हॉलीवुड सुपरस्टार एंड्रयू गारफील्ड सैम का किरदार निभा रहे हैं और ये फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

स्वाइप्ड

साल 2025 में रिलीज होने वाली बायोग्राफिकल ड्रामा हॉलीवुड फिल्म स्वाइप्ड का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। जिसमें ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर की सह-संस्थापक और बाद में बंबल की स्थापना करने वाली व्हिटनी वोल्फ हर्ड की कहानी को दिखाया गया है। मूवी में हॉलीवुड अभिनेत्री लिली जेम्स ने वोल्फ का किरदार निभाया है।

मस्क : डॉक्यूमेंट्री

इस सूची में अगला नाम दुनियाभर के सबसे अमीर बिजनेसमैन और सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क का आता है। टेस्ला और स्पेश एक्स जैसे कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के लिए मशहूर मस्क के जीवन पर बनने वाली डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रीमियर बीते महीने 8 सितंबर को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इसके बाद इसे 9 अक्टूबर को अमेरिकी सिनेमाघरों में रिलीज किया गया।

खबर संक्षेप

दशहरे पर विद्यार्थियों ने दीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

आदमपुर। बगला स्थित मोगा देवी मिंडा मेमोरियल स्कूल में विजयादशमी पर्व बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय परंपराओं और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवंत किया। कार्यक्रम का आयोजन नीले सदन की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन ज्योति ने सुव्यवस्थित ढंग से किया। सर्वप्रथम मानिक ने अपने सुविचारों के माध्यम से सत्यनिष्ठ जीवन की महत्ता बताई। भावना ने मधुर वाणी में श्लोकों का गायन किया।

शांति निकेतन स्कूल में मनाया दशहरा पर्व

आदमपुर। आदमपुर स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में दशहरा पर्व बड़े हर्षोल्लास, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और समस्त स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रावण दहन के साथ पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रावण दहन रहा, जिसे विद्यालय की छोटी बच्चियों और डायरेक्टर अनिरुद्ध बिश्नोई द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न किया गया। नन्हीं बच्चियों की सहभागिता ने इस आयोजन को बेहद खास और यादगार बना दिया।

समाजसेवी सुभाष शर्मा के निधन पर शोक जताया

हिसार। भगवान परशुराम जन सेवा समिति के संरक्षक मंडल ने सदलपुर के समाजसेवी सुभाष शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। समिति के मुख्य सरपरस्त व पूर्व राज्यसभा सदस्य जनरल डी.पी. वत्स, मुख्य संरक्षक एच.के. शर्मा, एम.पी शर्मा व संस्थापक प्रधान योगेन्द्र शर्मा के अलावा रामभेहर शास्त्री, राजेश भारद्वाज, बलवान शर्मा व समिति के अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने प्रसिद्ध समाजसेवी एवं गोसेवक रणवीर शर्मा सदलपुर के बड़े भाई सुभाष शर्मा उर्फ तेलुराम के देहांत पर उनके गांव जाकर शोक व्यक्त किया तथा श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार से सांत्वना प्रकट की।

त्योहारी सीजन को लेकर हांसी पुलिस अलर्ट

दुकानों के सामने और मुख्य रास्तों पर न खड़े करें वाहन

बाजारों में गश्त बढ़ाई, नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

त्योहारों के सीजन मद्देनजर हांसी पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर भीड़ को देखते हुए गश्त बढ़ाने के साथ जिले में विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में पुलिसकर्मी सतर्कता के साथ ड्यूटी कर रहे हैं।

राइडर, पीसीआर और ईआरवी सक्रिय

त्योहारी सीजन में चोरी, छीना-झपटी और अन्य आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने रात्रि पैदल गश्त के साथ राइडर, पीसीआर, एसएचओ मोबाइल और ईआरवी की सक्रियता बढ़ाई है। पुलिस की टीमें बाजारों, सार्वजनिक स्थानों और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लगातार निगरानी रख रही हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।



हांसी। त्योहारी सीजन को देखते हुए शहर में तैनात पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

सिविल ड्रेस में भी निगरानी

सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। महिला पुलिस कर्मचारियों को भी विभिन्न स्थानों पर ड्यूटी सौंपी गई है। नाकाबंदी के दौरान वाहन चालकों से पूछताछ की जा रही है और संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहने और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस ने लोगों से मांगा सहयोग

हांसी पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे त्योहारों के दौरान अपने घरों और दुकानों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। किसी संदिग्ध व्यक्ति, वाहन या आपराधिक गतिविधि की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था का उद्देश्य लोगों को भयमुक्त माहौल उपलब्ध करवाना है, ताकि वे शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मना सकें।

जाम से निपटने के लिए जारी की एडवाइजरी

निर्धारित पार्किंग का करें प्रयोग

हांसी। त्योहारों के दौरान बाजारों में बढ़ती भीड़ और वाहनों की आवाजाही को देखते हुए हांसी पुलिस ने यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने वाहन चालकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़े करने और सड़क किनारे व दुकानों के सामने गलत पार्किंग से बचने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यातायात बाधित करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

गलत पार्किंग से बढ़ती है परेशानी

एसपी ने कहा कि त्योहारों पर बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए बाजारों में पहुंचते हैं। ऐसे में सड़क, चौराहों, दुकानों के प्रवेश द्वार और मुख्य रास्तों पर वाहन खड़े करने से जाम की स्थिति पैदा होती है। इससे आमजन के साथ-साथ पैदल चलने वालों को भी परेशानी होती है। आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस और अन्य जरूरी सेवाओं के वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हो सकती है।



नियम तोड़े तो होगी कार्रवाई

वाहन चालकों से नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े नहीं करने और बाजारों में यातायात पुलिस के निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है। एसपी ने कहा कि संभव हो तो भीड़भाड़ वाले बाजारों में निजी वाहनों का कम इस्तेमाल करें। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनें, जबकि चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में धीमी गति से वाहन चलाएं। पुलिस ने दुकानदारों और आमजन से रास्ते खुले रखने तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

बिजली सेक्टर में निजीकरण पर फूटा गुस्सा

- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, सीएम नायब सैनी और एचईआरसी चेयरमैन के फूंके गए पुतले
- गुरुग्राम-नूंह में पैरेलल लाइसेंस का किया पुरजोर विरोध
- 22 अक्टूबर से तीन दिन की हड़ताल का ऐलान

हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर राज्यभर में गरजे बिजली कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा बिजली रेगुलेटरी कमीशन (एचईआरसी) द्वारा गुरुग्राम और नूंह जिलों में बिजली वितरण का समानांतर लाइसेंस 25 वर्षों के लिए एक निजी कंपनी इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को सौंपे जाने के फैसले के खिलाफ प्रदेशभर के बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं का आक्रोश फूट पड़ा है। हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को फव्वारा चौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और एचईआरसी चेयरमैन मुकेश गर्ग के पुतले दहन किए गए।



इतिहास का 'काला दिवस': सुरेश राठी

संयुक्त संघर्ष मोर्चा के वरिष्ठ नेता सुरेश राठी ने दो टूक शब्दों में कहा कि एचईआरसी का यह फैसला हरियाणा के पावर सेक्टर के इतिहास का एक 'काला दिवस' है। सरकार की शह पर लिया गया यह जनविरोधी और कर्मचारी विरोधी निर्णय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अत्यधिक राजस्व देने वाले और हाई-प्रॉफिट वाले औद्योगिक क्षेत्रों को निजी हाथों में सौंपकर सरकारी कंपनी दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम को आर्थिक रूप से कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने ऐलान किया कि इसके विरोध में 22 से 24 अक्टूबर तक प्रदेशभर में तीन दिवसीय पूर्ण राज्यव्यापी हड़ताल की जाएगी।

राष्ट्रीय स्तर पर मिला समर्थन

मोर्चा के नेता इकबाल चन्दाना, इंजीनियर पुनीत कुंडू ने बताया कि ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन तथा 'नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स' ने हरियाणा के इस आंदोलन को पूर्ण समर्थन दिया है। यदि फैसला तुरंत वापस नहीं लिया गया, तो देश भर के इंजीनियर हरियाणा के समर्थन में निर्णायक लड़ाई लड़ने को बाध्य होंगे। मोर्चा के नेता बिजेंद्र बरार ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह नीति निरस्त नहीं की, तो 3 दिवसीय हड़ताल के बाद आंदोलन को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदला जा सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

बिजली निजीकरण व स्मार्ट मीटर योजना के खिलाफ प्रदर्शन

हिसार। संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर मंगलवार को आदमपुर तहसील कार्यालय पर बिजली के निजीकरण और स्मार्ट मीटर योजना के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र व राज्य सरकार की जन-विरोधी बिजली नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। मोर्चा ने घोषणा की कि बिजली कर्मचारी यूनियन द्वारा 22, 23 और 24 अक्टूबर को राज्यव्यापी हड़ताल का संयुक्त किसान मोर्चा पूर्ण समर्थन करेगा। इस अवसर पर संयुक्त किसान मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य सतबीर सिंह धायल, सरदानंद राजली, अनिल बैंदा, सुभाष जाग्गू, महेन्द्र बैंदा, कपूर सिंह बगला, संदीप बैनीवाल, गुलाब पूनिया, मांगेराम गोदारा, छोटू राम फगेड़िया आदि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी



मशरूम उत्पादन से शुरू करें स्वरोजगार

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा छोटे स्तर से मशरूम उत्पादन शुरू कर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वरोजगार को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण संयोजक डॉ. सतीश मेहता ने मशरूम उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. राकेश कुमार चुघ ने संभावित आय, डॉ. संदीप भाकर ने अनुदान योजनाओं, डॉ. जगदीप सिंह ने उत्पादन तकनीकों, विक्रम सिंह ने नवाचार, डॉ. विकास कुमार कम्बोज ने स्पेंट कम्पोस्ट के उपयोग तथा डॉ. प्रकाश बानेकर ने सूत्रकृमि प्रबंधन की जानकारी दी।



गेस्ट टीचर्स ने की नियमित करने की मांग

बरवाला। गेस्ट टीचरों ने पूर्ण रूप से नियमित किए जाने की मांग को लेकर ब्राह्मण धर्मशाला के प्रांगण में प्रदर्शन किया। गेस्ट टीचरों की हुई बैठक में 25 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र में होने वाली राज्य स्तरीय विशाल महारैली की तैयारियों बाबत चर्चा की गई और ड्यूटियां सौपी गई। इस दौरान संयुक्त संघर्ष मोर्चा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनियुक्त जिला प्रधान दया किशन गूदंली, कैशियर प्रवीण कुंडू व नेतृत्व कर रहे जिला प्रधान दलबीर पानू ने बताया कि संयुक्त संघर्ष मोर्चा की नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से दया किशन गूदंली को जिला प्रधान और नरेंद्र लोहान को महासचिव तथा भजनलाल को उपप्रधान व प्रवीण कूण्डू को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। मोती लाल शर्मा को प्रेस प्रवक्ता और मेवा सिंह को सचिव बनाया गया है। महिला जिला कार्यकारिणी में सुदेश ढांडा को जिला प्रधान और संगीता बुडाना को महासचिव तथा ज्योत्सना को जिला उपप्रधान व ईश कुमारी को संगठन सचिव बनाया गया है।



आधुनिक डेयरी प्रबंधन सिखाया

हिसार। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा सतत, आर्थिक रूप से व्यवहार्य एवं लाभकारी डेयरी फार्मिंग को बढ़ावा विषय पर आयोजित पाँच दिवसीय अंतरराज्यीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में कश्मीर से आए 20 पशुपालकों ने भाग लिया। समापन समारोह में पैरा पशुचिकित्सा विज्ञान संस्थान, लुवास के निदेशक डॉ. संजय यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियां अपनाने तथा आधुनिक डेयरी प्रबंधन तकनीकों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दूध एवं दुग्ध उत्पादों के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर जोर दिया।

किसान खुद तैयार करें सरसों का शुद्ध बीज

आदमपुर। एचएयू के कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) की ओर से भारत सरकार की निकरा परियोजना के तहत गांव भोडिया बिश्नोइयान में किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक डा. नरेंद्र कुमार ने किसानों को सरसों की उन्नत किस्मों, बीज उपचार और तना गलन रोग के प्रबंधन की तकनीकों की जानकारी दी। डॉ. नरेंद्र कुमार ने किसानों को सरसों की आरएच 725, आरएच 1706, आरएच 1975, आरएच 761 और आरएच 749 किस्मों की बिजाई के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने किसानों को स्वयं शुद्ध बीज तैयार करने के लिए प्रेरित किया।

उकलाना में निकाली शोभा यात्रा

उकलाना। विजयादशमी के पावन पर्व पर श्री हनुमत रामलीला क्लब के कलाकारों की ओर से राम परिवार और रावण के रथ के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान श्रीराम का परिवार रथ पर सवार होकर रावण वध के लिए निकला, वहीं दूसरी ओर रावण भी अपने रथ पर सवार होकर युद्ध के लिए रवाना हुआ। नगर की परिक्रमा करती हुई यह शोभायात्रा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष टेकराम, उपाध्यक्ष रविंद्र गोयल, सोनू चोपड़ा, संजय जैन, अमित गोयल सहित अन्य पदाधिकारी और कलाकार उपस्थित रहे। कलाकारों की ओर से दी जा रही प्रस्तुतियों ने शोभायात्रा को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

बनभौरी धाम में नवरात्रि महोत्सव संपन्न



हिसार। बनभौरी धाम में नवरात्रि महोत्सव का मंगलवार को समापन हुआ। समापन के दिन मंदिर परिसर में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरा धाम 'जय माता दी' के जयघोष से गूंज उठा। समापन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक हिसार सिद्धार्थ जैन ने स्वयं मेले में पहुंचकर सुरक्षा ड्यूटियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने मां भ्रामरी देवी के श्री चरणों में हाजिरी लगाई और जिले भर में सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पुजारी महंत श्यामलाल कौशिक ने पुष्प गुच्छ देकर पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया। व्यवस्थापक सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि 9 दिन तक चलने वाले इस महोत्सव में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां भ्रामरी देवी के दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने अपने परिवार की सुख-शांति और खुशहाली के लिए माता से प्रार्थना की। इस मौके पर पुजारी सतबीर कौशिक, श्यामलाल कौशिक, सुरेश कौशिक, शिवकुमार, गुलाब कौशिक, सुशील कौशिक आदि मौजूद रहे।

खेतों में सोलर वायर और कंट्रोलर चोरी का पर्दाफाश

हिसार। जिले में खेतों से लगातार सामने आ रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बरवाला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने खेतों से सोलर वायर व कंट्रोलर चोरी करने के दो अलग-अलग मामलों का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि दोनों मामलों में एक ही गिरोह के तीनों आरोपी शामिल पाए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा सोलर वायर को जलाकर निकाली गई तांबे की तार भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार, गांव बोबुआ निवासी राकेश ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 6 अक्टूबर की रात को अज्ञात चोर कुम्भा खेड़ा रोड के पास स्थित उनके खेत से लगभग 100 फुट सोलर वायर और कंट्रोलर चोरी कर ले गए। इस शिकायत पर थाना बरवाला में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की तफ्तीश सब-इंस्पेक्टर राहुल को सौंपी गई। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर 18 अक्टूबर 2026 को तीनों आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बिन्द्र उर्फ लक्की, चांद उर्फ दीपक और मनजीत उर्फ मोनू निवासी गांव बोबुआ के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चोरी की बात कबूल की। उनकी निशानदेही पर हांसी रोड, बरवाला स्थित नेशनल हाइवे पुल के पास घास-फूस में छिपाकर रखी गई जली हुई सोलर डोरी से निकाली गई तांबे की कीमती तार बरामद कर ली गई। थाना बरवाला में दर्ज चोरी के दूसरे मामले में भी पुलिस ने इन्हीं तीनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। इस दूसरे मामले के जांच अधिकारी मुख्य सिपाही सुनील कुमार हैं। पुलिस दोनों मामलों में आरोपियों की अन्य वारदातों में संलिप्तता खंगालने के लिए गहनता से पूछताछ कर रही है।

बाजारों की व्यवस्था को दुरुस्त करने को मेयर कल लेंगे बैठक

हिसार। त्योहारों के सीजन में शहर के प्रमुख बाजारों में बढ़ने वाली भीड़, ट्रैफिक जाम और पार्किंग की समस्याओं के समाधान के लिए 23 अक्टूबर को नगर निगम के मुख्य सभागार में एक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मेयर प्रवीण पोपली करेंगे। इसमें शहर की तमाम मार्केट एसोसिएशन के प्रधान, सदस्य, व्यापारी तथा पुलिस, फायर ब्रिगेड व नगर निगम के आला अधिकारी भाग लेंगे। मेयर प्रवीण पोपली ने बताया कि त्योहारों के दौरान बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे अक्सर यातायात बाधित होता है और आमजन के साथ-साथ व्यापारियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए समय रहते पुख्ता इंतजाम करने के उद्देश्य से यह संयुक्त बैठक बुलाई गई है।

इन मुख्य बिंदुओं पर होगी चर्चा

- भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गाड़ियों की आवाजाही को व्यवस्थित करने और अस्थायी पार्किंग स्थल तय करने पर रणनीति बनेगी।
- त्योहारों के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के लिए बाजारों में सुगम रास्ता सुनिश्चित किया जाएगा।
- नगर निगम, पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा ताकि सुरक्षा और व्यवस्था बनी रहे।

श्री सिद्ध बाबा अनूपगिरि अखाड़े में दशहरे पर लगाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



गांव श्यामसुख स्थित श्री सिद्ध बाबा अनूपगिरि महाराज के अखाड़े में दशहरे के अवसर पर विशाल जागरण, भंडारा व सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, गुजरात, दिल्ली, मेरठ, बंगाल सहित अन्य राज्यों से भारी संख्या में संत-महात्मा पहुंचें। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री श्री 1008 गिरी पंथ के प्रदेश अध्यक्ष बालक डेरा के गद्दीनशीन महाराज पृथ्वी गिरी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत मुकेश गिरी, ने की। दशहरे से एक दिन पहले सोमवार की रात को विशाल जागरण में गणपति जी महाराज, गुरु गोरखनाथ, बाला जी महाराज, शिव भोलेनाथ सहित देवी-देवताओं के भजनों का गुणगान किया गया। इस अवसर पर महंत मुकेश गिरी महाराज ने सभी संत-महात्माओं को कंबल व दक्षिणा देकर विदा किया गया। इस मौके पर खुशी गिरी, झझर गिरि, रमेश गिरि, महाराज धर्मदास ठस्का, फूल सिंह, समाजसेवी मालागिरि गोदारा, प्रीति किराड़ा सहित कमेटी सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

नई पीढ़ी को राम के आदर्शों से जोड़ने के लिए धार्मिक कार्यक्रम जरूरी: जिंदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अग्रवाल सेवा समिति अर्बन एस्टेट-2 द्वारा कम्युनिटी सेंटर में रामलीला का मंचन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं विधायक सावित्री जिंदल ने शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में धार्मिक भावना, संस्कारों और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। नई पीढ़ी को राम के आदर्शों से जोड़ने के लिए ऐसे कार्यक्रम बहुत जरूरी हैं। मेयर प्रवीण पोपली और पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कम्युनिटी सेंटर को फूलों और लाइटिंग से सजाया गया था। राम जन्म से लेकर वनवास, सीता हरण और राम-रावण युद्ध तक के प्रसंगों को श्रद्धालुओं ने बड़े ध्यान और श्रद्धा से देखा। समिति के प्रधान संजय डालमिया के नेतृत्व में समिति के सभी सदस्यों ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पवन रावलवासिया, विजय कौशिक, राकेश बंसल, अश्विनी गर्ग, जगमेंद्र, राहुल देव, अंजनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



हिसार। विधायक सावित्री जिंदल को स्मृति चिह्न देते समिति पदाधिकारी।

गुजवि में राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का आगाज आज

हिसार में जुटेंगे 16 राज्यों के 200 एनएसएस स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

देश की सांस्कृतिक विविधता को समझने, राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने और युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में 22 से 28 अक्टूबर तक सात दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद के सौजन्य से राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के शिविर में 16 राज्यों के 200 स्वयंसेवक भाग लेंगे। इनमें 100 छात्र और 100 छात्राएं शामिल होंगी। शिविर का उद्घाटन 22 अक्टूबर को होगा। शिविर में हरियाणा के अलावा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और मिजोरम सहित 16 राज्यों के स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे।

सात दिन गूंजेगा राष्ट्रीय एकता और सेवा का संदेश



हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय। फोटो : हरिभूमि

युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना समय की आवश्यकता : कुलपति

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। राष्ट्रीय एकीकरण शिविर जैसे आयोजन युवाओं को विभिन्न संस्कृतियों और सामाजिक परिवेशों से परिचित कराने के साथ उनमें सहयोग, सहिष्णुता और राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और सकारात्मक बदलाव में योगदान देने का अवसर प्रदान करती है।

सेवा गतिविधियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजेगा शिविर

राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम में योग, प्रार्थना, व्यक्तित्व विकास सत्र, विशेषज्ञ व्याख्यान, समूह चर्चा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और राष्ट्रीय एकता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर भी स्वयंसेवक सक्रिय भागीदारी करेंगे।

विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाइयां तैयारियों में जुटीं

शिविर के सफल आयोजन के लिए गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयां तैयारियों में जुटी हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अंजु गुप्ता ने कहा कि यह शिविर विभिन्न राज्यों के स्वयंसेवकों को एक मंच पर लाकर उन्हें एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने और समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता मजबूत करने का अवसर देगा।

खबर संक्षेप



हिसार। प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर के साथ स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थी।

पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

हिसार। दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने निशानेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। विद्यालय के विद्यार्थी दक्ष, ऐशान और देवांश ने हैदराबाद, तेलंगाना में हुई सीबीएसई राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में नॉर्थ जोन-2 टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर-19 बालक पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करना विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन, एकाग्रता और निरंतर अभ्यास का उत्कृष्ट परिणाम है। विद्यालय निदेशक निहाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का विषय है।

24 बोतल देशी शराब सहित आरोपी काबू

हिसार। थाना आजाद नगर पुलिस ने गश्त के दौरान गांव आर्यनगर के नजदीक गंदे नाले के पास से गांव टोकस निवासी आरोपी आदेश को 24 बोतल अवैध देशी शराब सहित काबू किया है। एएसआई महिपाल अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त एवं की रोकथाम के लिए चंदन नगर से गांव आर्यनगर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति कंधे पर देशी शराब की पेटियां लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गांव आर्यनगर के नजदीक गंदे नाले के पास पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे में मौजूद दो पेटियों की जांच करने पर कुल 24 बोतल देशी शराब बरामद हुईं।

बिजली उपभोक्ता मंच ने की आयोग के फैसले की निंदा

हिसार। बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा संबंधित आल इंडिया इलैक्ट्रिसिटी कंज्यूमर एसोसिएशन ने गुड़गांव व नूंह की बिजली वितरण प्रणाली को प्राइवेट कम्पनी इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को सोंपने के हरियाणा इलेक्ट्रिसिटी रैगुलेटरी आयोग के फैसले की कड़ी निन्दा करते हुए इसे तुरंत प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा के राज्य सचिव मेहर सिंह बांगड़ व राज्य प्रधान इन्द्र सिंह मलिक ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं, कर्मचारी व इंजीनियर संगठनों के लगातार कड़े विरोध को अनदेखा करते हुए निजी कम्पनी के हित में फैसला लिया गया है इस का जनहित से कोई वास्ता नहीं है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का लगभग 42 फीसद रेवन्यू गुरुग्राम जिला से आता है, इसके निजी कम्पनी के पास जाने से सरकारी क्षेत्र की कम्पनी की वित्तीय व्यवस्था सीधे तौर पर प्रभावित होगी।

एसडीजेएम आशुतोष ने राखीगढ़ी महोत्सव में सरस्वती सिंधु सभ्यता की वस्तुओं की प्रदर्शनी व उद्यमियों के स्टॉलों का किया अवलोकन

प्राचीन सभ्यता की नगर व्यवस्था, रहन-सहन के साथ ऐतिहासिक समृद्धि को समझने में अहम भूमिका निभाते हैं पुरातात्विक अवशेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

प्रशासन के अधिकारी और पर्यटकों ने प्राचीन सभ्यता की ऐतिहासिक धरोहर को दर्शाने वाली वस्तुओं और स्थानीय उद्यमियों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों में रुचि दिखाई। इस दौरान उन्होंने स्टॉल संचालकों से संवाद कर उनके उत्पादों की विशेषताओं और निर्माण प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। महोत्सव में ऐतिहासिक विरासत, कला, संस्कृति और स्थानीय उत्पादों को एक मंच पर प्रदर्शित करने की पहल लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। राखीगढ़ी महोत्सव में अधिकारियों और पर्यटकों ने ऐतिहासिक स्थल पर स्थित टिलों पर अब तक हुई उत्खनन की प्रगति का अवलोकन किया और खुदाई के दौरान प्राप्त हुई प्राचीन वस्तुओं तथा सामने आई ऐतिहासिक संरचनाओं के बारे में जानकारी ली। राखीगढ़ी में उत्खनन के माध्यम से सामने आए पुरातात्विक अवशेष प्राचीन सभ्यता की नगर व्यवस्था, रहन-सहन और ऐतिहासिक समृद्धि को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महोत्सव के माध्यम से इस गौरवशाली विरासत को आमजन तक पहुंचाने और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।



हड़प्पाकालीन संस्कृति की ली जानकारी

एसडीजेएम आशुतोष ने राखीगढ़ी महोत्सव का अवलोकन किया। उन्होंने टीलों का भी अवलोकन कर अति प्राचीन हड़प्पा कालीन संस्कृति की जानकारी ली। अंतरराष्ट्रीय राखीगढ़ी महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने हरियाणवी संस्कृति, कला और परंपराओं के रंग बिखेरे। विद्यार्थियों के उत्साह और आत्मविश्वास ने दर्शकों को प्रभावित किया। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इनमें कबड्डी, रस्साकशी, 100 मीटर दौड़, ऊंची कूद, मटका दौड़, नींबू-चम्मच दौड़ और बोरी दौड़ प्रमुख रूप से शामिल रहीं। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विभिन्न खेलों में रोचक मुकाबले देखने को मिले और दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। जिला खेल अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत खेल गतिविधियां आगामी दिनों में भी जारी रहेंगी। 21 और 22 अक्टूबर को खो-खो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जबकि 22 से 24 अक्टूबर तक कुश्ती दंगल आयोजित होगा। महोत्सव के समापन समारोह में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। डीसी राहुल नरवाल भी समारोह स्थल पर मौजूद रहे और उनके मार्गदर्शन में महोत्सव के दूसरे दिन की विभिन्न गतिविधियां संपन्न हुईं।



राखीगढ़ी महोत्सव में प्राचीन धरोहरों का अनूठा संसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

अंतरराष्ट्रीय राखीगढ़ी महोत्सव में जहां एक ओर सभ्यता की समृद्ध विरासत, ऐतिहासिक नगर नियोजन और प्राचीन जीवनशैली को करीब से जानने का अवसर मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर पारंपरिक जीवन में इस्तेमाल होने वाली पुरानी वस्तुएं भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। महोत्सव में लगाई गई रंगा धरोहर स्टॉल पर प्राचीन घरेलू उपकरणों, पारंपरिक कृषि एवं दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुओं को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। स्टॉल पर प्रदर्शित लकड़ी का उखल, प्राचीन चक्की, कुएं से पानी निकालने वाला डोल, मिट्टी के बर्तन, लालटेन और पुराने समय में वजन मापने के लिए इस्तेमाल होने वाले बाट लोगों की जिज्ञासा बढ़ा रहे हैं। रंगा धरोहर स्टॉल पर प्राचीन वस्तुओं का ऐसा संग्रह प्रदर्शित किया गया है, जो लोगों को पुराने समय की जीवनशैली और पारंपरिक तौर-तरीकों से परिचित कराता है। स्टॉल पर पहुंचने वाले पर्यटक इन वस्तुओं को न केवल उत्सुकता से देख रहे हैं, बल्कि इनके इस्तेमाल और ऐतिहासिक महत्व के बारे में भी जानकारी ले रहे हैं। स्टॉल संचालक सत्यवान रंगा ने बताया कि अब तक हजारों लोग स्टॉल पर प्रदर्शित ऐतिहासिक एवं पारंपरिक वस्तुओं का अवलोकन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि महोत्सव में आने वाले लोग इन वस्तुओं को देखकर काफी उत्साहित हैं। विशेष रूप से पुरानी पीढ़ी से जुड़ी वस्तुओं को देखकर लोग अपने पुराने अनुभवों को याद कर रहे हैं, जबकि युवा पीढ़ी इनके माध्यम से पारंपरिक जीवनशैली को समझने का प्रयास कर रही है। पर्यटक इन प्राचीन धरोहरों के साथ सेल्फी लेकर महोत्सव की यादों को भी संजो रहे हैं।



नारनौंद। टीलें तीन पर निकले मकानों को देखते पुरातत्व में विभाग के उपनिदेशक नरेंद्र परमार व अन्य पर्यटक।

पारंपरिक जीवनशैली की झलक

धरोहर स्टॉल पर कुएं से पानी निकालने के लिए इस्तेमाल होने वाला ढोल, मिट्टी का पात्र, लालटेन, बड़े-बड़े टोकने, टोकनी, घोड़े की काठी, पीतल के बर्तन और अन्य पारंपरिक वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। इसके साथ ही सेर और आधा सेर के बाट सहित पुराने समय में वजन मापने के लिए इस्तेमाल होने वाले बाट भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। लकड़ी का उखल और पुरानी चक्की भी स्टॉल के प्रमुख आकर्षणों में शामिल हैं।

प्राचीन मुद्रा की भी प्रदर्शनी

स्टॉल संचालक सत्यवान रंगा ने बताया कि पर्यटकों को प्राचीन इतिहास से जुड़ी और अधिक जानकारी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जल्द ही स्टॉल पर कौड़ी से लेकर रुपये तक की पुरानी मुद्रा भी प्रदर्शित की जाएगी। इससे पर्यटकों को पुराने समय में लेन-देन और मुद्रा के विभिन्न स्वरूपों को समझने का अवसर मिलेगा। इसके अतिरिक्त हड़प्पा कालीन एक पाट वाली पत्थर की आटा चक्की भी स्टॉल पर रखी जाएगी, जो पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहने की उम्मीद है।



नवरात्रों का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व : गर्ग

हिसार। प्रयाग गिरि शिवालय मंदिर ट्रस्ट की ओर से नवरात्रों के पावन अवसर पर भजन समारोह एवं भंडारे का आयोजन संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और माता रानी के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। भजन समारोह के दौरान मां दुर्गा की महिमा का गुणगान किया गया, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में माता रानी के भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। नवरात्रों के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा मां दुर्गा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। इस अवसर पर संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग ने कहा कि नवरात्रों का पर्व भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म में विशेष महत्व रखता है। मां दुर्गा की आराधना हमें शक्ति, साहस, सदाचार और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, सुरेंद्र सिंगला, ओमप्रकाश असीजा, रमेश लोहिया, प्रवीण जैन, कृष्ण बंसल, सत्येंद्र गोयल, जगत नारायण, रमेश पटवारी, सतपाल असीजा, कृष्णा लाल बगड़ी, मनीष चावला, सुनील शर्मा दीपक कुमार आदि भक्त भारी संख्या में मौजूद रहे।

रॉयल स्कूल खारा खेड़ी में हर्षोल्लास के साथ मनाया दशहरा

हिसार। रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में दशहरा एवं नवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास, उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विवेकानंद हाउस द्वारा विशेष प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम की रावण पर विजय के माध्यम से सत्य, सदाचार और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जीवन की दस प्रमुख बुराइयों अहंकार, घृणा, अनादर, बेईमानी, भय, क्रोध, लालच, ईर्ष्या, स्वार्थ और अन्याय का त्याग करने तथा विनम्रता, प्रेम, सम्मान, सत्यनिष्ठा, साहस, धैर्य, संतोष, सहयोग और न्याय जैसे मानवीय मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। नवरात्रि के उपलक्ष्य में गरबा एवं डांडिया नृत्य का रंगारंग आयोजन भी किया गया।



स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना, स्कूल प्रशासक श्री विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल (डॉ.) डीवी नेहरा ने सभी को दशहरा एवं नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए मां दुर्गा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शक्ति और सकारात्मकता बनाए रखने की कामना की।

भव्य बिश्नोई ने सदलपुर में रास्तों के निर्माण कार्यों का किया उद्घाटन

आदमपुर। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भव्य बिश्नोई ने आदमपुर हलके के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों के सुख-दुख में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और पारिवारिक व सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होकर लोगों के साथ आत्मीयता साझा की। अपने दौरे के दौरान भव्य बिश्नोई गांव सदलपुर भी पहुंचे, जहां उन्होंने रास्तों के निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। भव्य बिश्नोई ने कहा कि आदमपुर हलके के लोगों के साथ उनका रिश्ता राजनीतिक नहीं, बल्कि परिवार जैसा है। हलके के लोगों के सुख-दुख में शामिल होना और उनकी समस्याओं को समझना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। गांव सदलपुर में रास्तों के निर्माण कार्यों का उद्घाटन करते हुए भव्य बिश्नोई ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क एवं रास्ता व्यवस्था विकास की बुनियादी जरूरत है। गांवों में आवागमन की सुविधाओं को बेहतर बनाने से ग्रामीणों को दैनिक जीवन में सहूलियत मिलती है और क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलती है। उन्होंने कहा कि आदमपुर हलके के गांवों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना हमेशा प्राथमिकता रही है। विकास कार्यों का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होता है, जब उनका लाभ आमजन तक पहुंचे और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए।



आदमपुर। ग्रामीणों से मुलाकात करते पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई।

सेक्टर-15 में आज जनसमस्याएं सुनेंगे भव्य

हिसार। पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई 21 अक्टूबर को सुबह 9 बजे सेक्टर-15 स्थित अपने आवास पर आमजन की समस्याएं सुनेंगे। इस दौरान क्षेत्र के लोग उनसे मुलाकात कर अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से अवगत करवा सकेंगे। यह जानकारी देते हुए विक्रांत बिश्नोई ने बताया कि भव्य बिश्नोई आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनेंगे और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से मौके पर ही बातचीत करेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि लोगों की समस्याओं का संबंधित विभागों के माध्यम से जल्द से जल्द समाधान करवाया जा सके। आमजन की समस्याओं का समाधान करवाना और लोगों को प्रशासनिक स्तर पर आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाना इस पहल का प्रमुख उद्देश्य है। जनसमस्याओं की सुनवाई के दौरान संबंधित मामलों को अधिकारियों के संज्ञान में लाकर उनके शीघ्र निपटारे के लिए प्रयास किए जाएंगे।

आदमपुर में दैविक गोयल हत्याकांड की जांच के लिए एसआइटी गठित

एसपी ने दिए निष्पक्ष और गहन जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

आदमपुर में 12 वर्षीय छात्र दैविक गोयल की हत्या के मामले में पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाते हुए विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया है। हिसार के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) मयंक मुदगिल की अध्यक्षता एवं निगरानी में गठित एसआइटी मामले की निष्पक्ष, विस्तृत और गहन जांच करेगी। पुलिस के अनुसार, आदमपुर थाने में 14 अक्टूबर को दर्ज एफआइआर नंबर-312 के तहत मामले की जांच की जा रही है। एफआइआर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (1) तथा आम्र्स एक्ट की धारा 25 और 30 के तहत दर्ज है। 12 वर्षीय छात्र की हत्या से जुड़े मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष जांच दल गठित करने का निर्णय लिया है।

एएसपी मयंक मुदगिल की अध्यक्षता एवं निगरानी में मामले की जांच करेगी एसआइटी

टीम में ये अधिकारी शामिल

एसआइटी में एएसपी मयंक मुदगिल को टीम प्रमुख बनाया गया है। इनके अलावा हिसार साइबर क्राइम थाना के एसएचओ इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह, हिसार की महिला इंस्पेक्टर कविता तथा हिसार साइबर सेल के प्रभारी पीएसआइ अमित को टीम में शामिल किया गया है।

सभी पहलुओं की होगी जांच

पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी आदेश में एसआइटी को मामले से जुड़े सभी पहलुओं और साक्ष्यों की गहनता से जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। टीम को पेशेवर तरीके से जांच पूरी करने तथा समय-समय पर जांच की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी कहा गया है। एसआइटी के गठन से अब मामले की जांच चार सदस्यीय विशेष टीम की निगरानी में आगे बढ़ेगी।

फिलहाल धरना स्थगित

छात्र दैविक गोयल की मौत के मामले में एसआइटी (विशेष जांच दल) का गठन होने के बाद पीड़ित परिवार ने बुधवार को प्रस्तावित आदमपुर बंद और धरना-प्रदर्शन के कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया है। मृतक छात्र दैविक गोयल के पिता रवि गोयल और ताऊ बिशंबर गोयल ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा आदमपुर उनके साथ खड़ा है। परिवार को उम्मीद है कि पुलिस मामले की निष्पक्षता से जांच करेगी और सच्चाई सबके सामने आएगी। परिवार ने कहा कि उनकी मांग है कि मामले के हर पहलू की गहनता से जांच हो, ताकि वास्तविक तथ्य सामने आ सकें। एसआइटी के गठन के बाद परिवार ने फिलहाल बंद और धरना-प्रदर्शन स्थगित करने का निर्णय लिया है। परिवार को उम्मीद है कि जांच प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से आगे बढ़ेगी और उन्हें न्याय मिलेगा।

बिजली कर्मचारियों के आंदोलन को आम आदमी पार्टी का समर्थन

हांसी। आम आदमी पार्टी के हांसी जिला अध्यक्ष एवं पार्टी की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य राजेंद्र सोरखी ने गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी 'इलेवन पावर' को 25 वर्षों के लिए समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस दिए जाने के संबंध में कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिजली जैसी आवश्यक सेवा में किसी भी बदलाव का आधार आम उपभोक्ताओं, किसानों और कर्मचारियों का हित होना चाहिए। सोरखी ने कहा कि अधिक राजस्व वाले क्षेत्रों में निजी कंपनियों की भागीदारी बढ़ने से सरकारी बिजली वितरण निगम की वित्तीय स्थिति और ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने की क्षमता पर क्या प्रभाव पड़ेगा, सरकार को इसका स्पष्ट जवाब देना चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि लाभकारी क्षेत्रों का राजस्व प्रभावित होने पर कृषि, ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर उपभोक्ताओं को मिलने वाली सेवाओं पर दबाव बढ़ सकता है। सोरखी ने मांग की कि सरकार और हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग संबंधित आदेश, लाइसेंस की शर्तें तथा उपभोक्ताओं और सरकारी निगम पर संभावित प्रभाव का पूरा विवरण सार्वजनिक करें। कर्मचारियों और उपभोक्ता संगठनों की आपत्तियों का पारदर्शी समाधान किया जाए तथा विवादित निर्णय वापस लिया जाए। हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर्स संयुक्त मोर्चा के घोषित आंदोलन का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी कर्मचारियों, किसानों और उपभोक्ताओं की जायज मांगों के साथ खड़ी है।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

द सिनर्जी आईएएस अकेडमी में हुआ समारोह

डीएसपी बने प्रियांक का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा सिविल सर्विस परीक्षा में डीएसपी पद हासिल करने वाले प्रियांक सोनी की शानदार सफलता पर द सिनर्जी आईएएस अकेडमी में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। उनकी उपलब्धि के उपलक्ष्य में अकेडमी प्रबंधन, परिजनों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की ओर से विजय यात्रा निकाली गई। यह विजय यात्रा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से शुरू होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और स्थानों से गुजरते हुए द सिनर्जी आईएएस अकेडमी पहुंची।

यात्रा के दौरान प्रियांक सोनी का जगह-जगह लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। अकेडमी परिसर में पहुंचने पर प्रियांक सोनी का उनके माता-पिता, भाई, अन्य परिजनों, अध्यापकों और विद्यार्थियों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अकेडमी परिसर तालियों और बधाई संदेशों से गूंज उठा।



हिसार। पगड़ी पहनाकर विजय यात्रा की शुरूआत करती डायरेक्टर मोनू चहल।

विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत : अहलावत

समारोह को संबोधित करते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर हेमंत अहलावत ने कहा कि प्रियांक सोनी ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता अकेडमी के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को प्रियांक की कार्यशैली और संघर्ष से सीख लेते हुए अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

प्रियांक ने साझा किए अपने अनुभव

इस अवसर पर प्रियांक सोनी ने अपने अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए। उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाली हर चुनौती का डटकर सामना करना चाहिए। परिस्थितियाँ कैसी भी हों, मेहनत और आत्मविश्वास नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें, समय का सदुपयोग करें और नियमित अध्ययन की आदत विकसित करें। इस अवसर पर प्रोफेसर हेमन्त अहलावत, विजयलक्ष्मी, विद्योतमा, अजय कुमार, डॉ. सुनील कुमार सहित द सिनर्जी आईएएस अकेडमी के सभी सदस्य, शिक्षक, विद्यार्थी और प्रियांक सोनी के परिजन उपस्थित रहे।

सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं : सोनू चहल

अकेडमी के डायरेक्टर मोनू चहल ने प्रियांक सोनी को बधाई देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत, सही दिशा, अनुशासन और धैर्य बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि प्रियांक ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपनी तैयारी में निरंतरता बनाए रखी और इसी का परिणाम है कि उन्होंने एचसीएस परीक्षा में डीएसपी पद हासिल किया। उनकी उपलब्धि अकेडमी के लिए भी गर्व का विषय है।



भाविप ने विद्यार्थियों को 500 पौधे और 15 ट्री गार्ड बांटे

सेवा संकल्प दिवस पर बच्चों को पौधों की तीन साल तक देखभाल करने का दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

भारत विकास परिषद शाखा हांसी की ओर से सोमवार को शहीद भगत सिंह स्कूल में सेवा संकल्प दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए स्कूल के विद्यार्थियों को 500 पौधे वितरित किए गए। वहीं, ट्री गार्ड वितरण अभियान के छठे चरण में 15 ट्री गार्ड भी बांटे गए।

शाखा अध्यक्ष दयानंद महता ने विद्यार्थियों को पौधों के संरक्षण के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि जिस प्रकार माता-पिता बच्चों का पालन-पोषण करते हैं, उसी तरह उन्हें भी पौधों की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। प्रत्येक विद्यार्थी पौधे को कम से कम तीन वर्ष तक संभाले और उसकी नियमित देखभाल करे, ताकि वह पेड़ बनकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सके। शाखा सचिव श्रीचंद आहूजा ने बताया कि पौधे लगाने के साथ ट्री गार्ड उपलब्ध करवाना भी शाखा के प्रमुख कार्यों में शामिल है। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधों की देखभाल करने और अन्य लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नरेंद्र वर्मा, एमएल वलेचा, प्रवीण गर्ग, सुभाष गर्ग, जिला कोऑर्डिनेटर जगदीश धमीजा, पर्यावरण संयोजक राम अवतार सिंह, दिलबाग वर्मा और विक्रम आदि सदस्य उपस्थित रहे।